राजस्थान सरकार

स्वायत्त शासन विभाग, राज0 जयपुर

(जी–3, राजमहल रेजीडेन्सी ऐरिया, सिविल लाईन फाटक, 22 गोदाम, जयपुर)

क्रमांकःप.1(क)(17)कार्मिक / आर.एम.एस. / डी.एल.बी / 17 / 9920   दिनांक : 01-8-17

अधिशाषी अधिकारी,
नगर पालिका,
मुकुन्दगढ।

विषय : 01 जुलाई, 2017 को वार्षिक वेतन वृद्वि स्वीकृत करने बाबत।

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भ में विभागीय समसंख्यक आदेश क्रमांक 9732–45 दिनांक 25.07.17 द्वारा श्री हेमन्त कुमार तंवर, कर निर्धारक हाल अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, मुकुन्दगढ की दिनांक 01 जुलाई, 2017 की वार्षिक वेतन वृद्वि स्वीकृत की गई थी।

वित विभाग, नियम अनुभाग से जारी आज्ञा दिनांक 28.07.17 द्वारा ग्रेड पे 4800/– में सीधी भर्ती से नियुक्त कर्मचारियों का दिनांक 01.07.13 या इसके पश्चात् प्रारम्भिक वेतन दिनांक 01.07.13 से प्रभावी अनुसूची–V के अनुसार निर्धारित किया गया है उन कर्मचारियों को दिनांक 01.07.17 को देय वार्षिक वेतन वृद्वि को आगामी आदेशों तक स्थगित रखते हुए जुलाई, 2017 का वेतन भुगतान किया जावेगा। यह भी निर्णय लिया गया है कि उक्त ग्रेड पे के कतिपय कर्मचारियों को यदि दिनांक 01.07.17 की वार्षिक वेतन वृद्वि स्वीकृत की जा चुकी है तो उनकी स्वीकृत वेतन वृद्वि को स्थगित करते हुए वेतन बिल संशोधन कर माह जुलाई, 2017 के वेतन का भुगतान किया जावेगा।

अतः विभाग द्वारा श्री हेमन्त कुमार तंवर, कर निर्धारक को विभागीय समसंख्यक आदेश क्रमांक 9732–45 दिनांक 25.07.17 द्वारा 01 जुलाई, 2017 की स्वीकृत की गई वार्षिक वेतन वृद्वि आगामी आदेशों तक स्थगित की जाती है। अतः वेतन बिल संशोधित कर माह जुलाई, 2017 का वेतन भुगतान किया जावे।

(मुकेश कुमार मीणा)
अतिरिक्त निदेशक